# देवा रोड पर यूपीसीडा की ज़मीन पर बनेगा इंडस्ट्री हब

## औद्योगिक विकास आयुक्त ने यूपीसीडा को आवंटित जमीनों का लिया जायजा

■ एनबीटी, बाराबंकी : बाराबंकी से सटे देवा रोड इलाके में स्थित यूपीसीडा को आवंटित करीब 200 एकड़ जमीन औद्योगिक हब के रूप में विकसित की जाएगी। इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए सोमवार को खाद्य उत्पादन आयुक्त और औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने देवा रोड की यूपीसीडा को आवंटित जमीनों का जायजा लिया।

सबसे पहले वह जहांगीराबाद मोड़ की करीब 72 एकड़ के भूखंड में बनी, लेकिन बंद पड़ी सूत मिल पहुंचे और इसे यूपीसीडा को हैंडओवर करने की कार्रवाई की समीक्षा की। इसके बाद देवा रोड के किनारे 129 एकड़ के खाली पड़े भूखंड को देखा। उन्होंने यूपीसीडा के अधिकारियों से पूछा कि जेआर ऑर्गेनिक्स के बंद होने के बाद से खाली जमीन पर उद्योगों की स्थापना के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। जवाब अधिकारियों ने बताया कि नए उद्योगों से आमंत्रण मांगे गए थे। अब तक 20 प्रतिशत भूखंड पर उद्योग लगाने के लिए आवेदन मिले हैं।



खाद्य उत्पादन आयुक्त और औद्योगिक विकास आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक।

### हैदरगढ़ में पराली एकत्र करने के लिए 16 एकड़ जमीन

औद्योगिक विकास आयुक्त सीधे देवा रोड के ही रिलायंस ग्रुप के कम्प्रेस्ड बायो गैस(सीबीजी)प्लांट पहुंचे और पराली की उपलब्धता की जानकारी की। इस पर डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि इस प्लांट को सर्वाधिक पराली हैदरगढ़ तहसील से मिल रही है। ऐसे में वहां पर 16 एकड़ जमीन पराली को खरीदने और कम्प्रेस्ड करने के लिए आवंटित की जा चुकी है।

आयुक्त ने अयोध्या हाइवे पर रामसनेहीघाट में यूपीसीडा को सौंपी गई 200 एकड़ जमीन का साइड प्लान तैयार करने में देरी पर नाराजगी जताई। इसी तरह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे हैदरगढ़ में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर स्थल के विकास की जानकारी भी अधिकारियों से की। इस दौरान सीडीओ अ.सुदन, एसपी दिनेश कुमार सिंह व यूपीसीडा से उपायुक्त उद्योग आशुतोष और एसडीएम सदर बिजय त्रिवेदी भी शामिल रहे।